**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1152**
**27 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**

**सिटी इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेटेड एंड सस्टेन का दूसरा चरण**

**1152. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:**
**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्री बी. मणिक्कम टैगोर:**
**डॉ. टी. आर. पारिवेन्धरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के दायरे में आने वाली सिटी इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेटेड एंड सस्टेन(सीआईटीआईआईएस) परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी (एएफडी), क्रेडिटैंस्टाल्ट फर विडेरौफबाउ (केएफडब्ल्यू), यूरोपीय संघ (ईयू) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) की भागीदारी से 18 शहरों में सीआईटीआईआईएस के दूसरे चरण को लागू किया जाएगा;

(ग) क्या इस परियोजना का उद्देश्य एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु उन्मुख सुधार कार्यों को बढ़ावा देना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) एससीएम के अंतर्गत अब तक आरम्भ की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और ऐसे शहरों का चयन करने के लिए क्या मानदण्ड अपनाए गए हैं:

(ङ) राज्यों की प्राप्त/स्वीकार/ अस्वीकृत सिफारिशों का राज्य/शहर-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) परियोजना के पहले चरण की तुलना में अब तक स्वीकृत/व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (च): सरकार ने 31 मई 2023 को 'सिटी इंन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (सिटीज़ 2.0)' को मंजूरी दे दी है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने सिटीज़ 2.0 की

कल्पना फ्रांसीसी विकास एजेंसी (एएफडी), क्रेडिटनस्टाल्ट फ्योर वीडरआउफबाऊ (केएफडब्ल्यू), यूरोपीय संघ (ईयू) और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) के साथ साझेदारी में की है। कार्यक्रम की अवधि 4 वर्ष अर्थात् वर्ष 2023 से 2027 तक होगी। सिटीज़ 2.0 के 3 प्रमुख घटक हैं:

**घटक-1**: एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन के उद्देश्य के साथ सर्कुलर इकॉनोमी को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिए अधिकतम 18 स्मार्ट शहरों के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता।

**घटक-2**: जलवायु संबंधी कार्रवाई हेतु क्षमता के निर्माण के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता।

**घटक-3**: सभी शहरों और कस्बों तक इसे आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उपाय।

एक चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से सिटीज़ 1.0 कार्यक्रम के तहत 12 शहरों का चयन किया गया था। चयन एक स्वतंत्र जूरी द्वारा दो-चरणीय मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। परियोजनाओं की स्कोरिंग निम्नलिखित मापदंडों पर की गई थी: (i) प्रासंगिकता और व्यवहार्यता; (ii) स्थिरता; (iii) नवाचार और एकीकरण; और (iv) सहभागी दृष्टिकोण। जूरी परिणामों को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली सिटीज़ एपेक्स समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। सिटीज़ 1.0 कार्यक्रम के तहत बारह परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

सिटीज़ 2.0 को राज्यों और शहरों के परामर्श से डिज़ाइन किया गया है। स्मार्ट सिटीज़ मिशन के तहत 100 शहरों से परामर्श किया गया था। इसके अतिरिक्त, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक (एससीएम) की अध्यक्षता में एक डिज़ाइन समिति का गठन किया गया था। डिज़ाइन समिति के सदस्यों में मंत्रालय और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ राज्य और शहर के अधिकारी शामिल थे।

7 जुलाई 2023 की स्थिति के अनुसार, सिटीज़ 1.0 के तहत 399 करोड़ रू. का व्यय किया जा चुका है।

****

**श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी, श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी, श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी, श्री बी. मणिक्कम टैगोर और डॉ. टी.आर. पारीवेंधर, माननीय सांसदों द्वारा सिटीज़ फेज़-II के संबंध में पूछे गए 27.7.2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1152 के भाग (क) से (च) के उत्तर में अनुलग्नक-I**

सिटीज़ 1.0 कार्यक्रम के तहत बारह परियोजनाओं का शहर-वार विवरण

(राशि करोड़ रू. में)

| क्र. सं. | शहर | परियोजना | कुल परियोजना लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अगरतला | हावड़ा रिवरफ्रंट विकास परियोजना | 99.00 |
| 2. | अमृतसर | समग्र उपायों के माध्यम से अमृतसर में ऑटो-रिक्शा (राही) का जीर्णोद्धार | 108.33 |
| 3. | अमरावती | अमरावती शहर में कम आय वाली बस्तियों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास | 138.62 |
| 4. | भूवनेश्वर | बी-एक्टिव | 27.76 |
| 5. | चेन्नई | चेन्नई में मॉडल और स्मार्ट निगम विद्यालय | 95.25 |
| 6. | देहरादून | बच्चों के अनुकूल शहरी परियोजना | 58.00 |
| 7. | हुबली धारवाड़ | ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर | 130.00 |
| 8. | कोच्चि | ई-हेल्थ सॉल्यूशन | 19.13 |
| 9. | सूरत | वाइल्ड वैली बायोडायवर्सिटी पार्क | 139.15 |
| 10. | विशाखापट्टनम | आधुनिकीकरण के माध्यम से पब्लिक स्कूलों का स्मार्ट कैंपस के रूप में सामाजिक समावेशन | 65.00 |
| 11. | उज्जैन | महाकाल रूद्रसागर एकीकृत विकास दृष्टिकोण – फेज़ II (मृदा-II) | 150.37 |
| 12. | पुडुचेरी | ऑवर नेबरहुड इज़ युअर नेबरहुड टू: एक सहभागी योजना दृष्टिकोण | 99.71 |
| **कुल** | | | **1,130.32** |